**प्रेस नोट**
**दिनांक–26.01.2026**

**गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ठ कार्य करने वाले पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगणों को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा दिए गए मेडलों से नवाजा गया–**

**मुख्य अतिथि महोदय द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले नागरिक पुलिस के 37 अधि0/कर्मचारीगण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया–**

गोण्डा। 77 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में भव्य समारोह का आयोजन किया गया जहां पर विभिन्न स्कूलों से आये छात्र/छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल श्री शशि भूषण लाल सुशील द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस महानिदेशक,उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस सेवा में सराहनीय योगदान हेतु मुख्य आरक्षी श्री अमित पाठक को प्रशंसा चिन्ह(स्वर्ण पदक), नि0 राजेंद्र यादव उप नि0 श्री मनोज तिवारी, उप नि0 सत्य प्रकाश सिंह, उप नि0 सुनील मिश्रा, उप निरीक्षक श्री गौरव सिंह को प्रशंसा चिन्ह (रजत पदक) व गृह मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा पुलिस सेवा में उत्कृष्ट एवं समर्पित योगदान हेतु मुख्य आरक्षी आत्मा यादव एवं मुख्य आरक्षी मनोज कुमार को उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया। महोदय द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले नागरिक पुलिस के 37 (श्री अजय प्रताप सिंह आर0आई0 रिजर्व पुलिस लाइन, श्री कमलाकान्त त्रिपाठी प्र0नि0 तरबगंज, श्री राजेश कुमार प्रभारी आई0जी0आर0एस0, श्री अवनीश कुमार गोपनीय सहायक पुलिस अधीक्षक गोण्डा, श्री अभय सिंह थानाध्यक्ष नवाबगंज, श्री कल्याण दीक्षित प्रधान लिपिक, उ0नि0 श्री संजीव कुमार सिंह थाना नवाबगंज, उ0नि0 श्री खुशबू श्रीवास्तव थाना कर्नलगंज, उ0नि0 श्री उपेन्द्र यादव थाना तरबगंज, उ0नि0 श्री प्रशान्त गुप्ता थाना छपिया, उ0नि0 श्री आदित्य गौतम पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक, अग्नि शमन द्वितीय अधिकारी श्री नितेश शुक्ला, उ0नि0 श्री कमल शंकर चतुर्वेदी व0उ0नि0 को0 देहात, उ0नि0 श्री संदीप कुमार थाना को0 देहात, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड बी श्री राजदीप कुमार यादव प्रभारी सीसीटीएनएस, मु0आ0 रंजय यादव आर0टी0सी0 प्रभारी, मु0आ0 रवि प्रताप यादव सर्विलांस सेल, मु0आ0 पुनीत वर्मा थाना छपिया, पी0टी0आई0 ज्ञान प्रकाश सिंह, मु0आ0 रणविजय शाही, फायरमैन राम अवतार यादव, मु0आ0 अनिरूद्ध कुमार सिंह थाना मनकापुर, मु0आ0 रविश कुमार गौड़ थाना को0 नगर, मु0आ0 दुर्गेश अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी कार्यालय, म0मु0आ0 ममता देवी एल0आई0यू0, आ0 संजय यादव थाना छपिया, आ0 राम आशीष पुलिस लाइन, आ0 भोला भागीरथी पेशी क्षेत्राधिकारी नगर, आ0 वैभव सिंह मीडिया सेल, आ0 विशाल सिंह थाना कौड़िया, आ0 विनोद कुमार मानीटरिंग सेल, आ0 जागेश्वर गौड़ थाना को0 देहात, आ0 रमन वर्मा थाना इटियाथोक, आ0 अजीत कुमार चौधरी पेशी क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज, आ0 मनीष साइबर सेल, म0आ0 सारिका यादव थाना मोतीगंज, म0आ0 नितांशी शुक्ला डब्लूसीएसओ) अधि0/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक–26.01.2026</u>**
**<u>गणतंत्र दिवस परेडः–</u>**

**<u>गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन गोण्डा परेड ग्राउंड में हुआ भव्य समारोह का आयोजनः–</u>**

**<u>विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कर शानदार एवं मनमोहक प्रस्तुति दी गयी–</u>**

गोण्डा। 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा कैम्प कार्यालय पर ध्वारोहण किया गया तथा उपस्थित अधि0/कर्मचारियों को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दी गयी। तत्पश्चात महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन पहुँचकर मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल श्री शशि भूषण लाल सुशील व पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन मण्डल श्री अमित पाठक के साथ ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी ली तथा उपस्थित अधि0/कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा से कार्य करने एवं राष्ट्र की स्वतंत्रता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने की शपथ दिलायी गयी। रैतिक पुलिस परेड में प्रथम परेड कमाण्डर का नेतृत्व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज श्री अभिषेक दावाच्याँ, द्वितीय परेड कमाण्डर का नेतृत्व श्री प्रदीप कुमार (प्रशिक्षु आई0पी0एस0) व तृतीय परेड कमाण्डर का नेतृत्व उ0नि0 श्री ह्रदयानन्द रावत किया गया व उद्घोषक का नेतत्व हेड का0 ह्रदय नारायण दीक्षित व म0का0 संगीता दीक्षित द्वारा किया गया। परेड में कुल 08 टोली जिसके अन्तर्गत सशस्त्र पुलिस, नागरिक पुलिस, पुलिस कार्यालय, आरटीसी, महिला पुलिस, पी0ए0सी0 व एन0सी0सी0 व 08 वाहन दस्ते जिसमें मोटर साइकिल दस्ता, पुलिस वायरलेस, डायल यूपी 112, फिल्ड यूनिट, डॉग स्क्वॉड, फायर सर्विस के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में अद्भुत/आकर्षक प्रदर्शन किया गया तथा 30वीं वाहिनी गोण्डा के प्रशिक्षित बैण्ड वादकों द्वारा समस्त परेड के दौरान मनमोहक प्रदर्शन करते हुए परेड का उत्साहवर्द्धन किया गया। प्रथम टोली सशस्त्र पुलिस बल की थी जिसका नेतृत्व उ0नि0 शुभम दूबे द्वारा किया गया, द्वितीय नागरिक पुलिस, नेतृत्व उ0नि0 सोनू कुमार, तृतीय पुलिस कार्यालय, नेतृत्व उ0नि0 सौरभ सिंह, चतुर्थ आर0टी0सी0 नेतृत्व उ0नि0 विकाश कुमार, पंचम आर0टी0सी0 नेतृत्व उ0नि0 राकेश पटेल, षष्टम महिला पुलिस, नेतृत्व म0उ0नि0 अर्पिता यादव, सप्तम पी0ए0सी0, नेतृत्व नि0 अभिषेक कुमार सिंह व अष्टम टोली एन0सी0सी0 की थी जिसका नेतृत्व एस0यू0ओ0 सत्यम मिश्रा द्वारा किया गया। परेड में सम्मिलित कुल 09 विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा भिन्न–भिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आयुष विभाग द्वारा प्रस्तुत योग कार्यक्रम को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सुवांस मिलेनियम स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा "ऑपरेशन सिंदूर" गीत के बोल पर दी गई मनमोहक प्रस्तुति को द्वितीय स्थान तथा न्यू पब्लिक सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के छात्र–छात्राओं द्वारा "सत्यम शिवम सुंदरम" गीत के बोल पर प्रस्तुत मनमोहक प्रस्तुति को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। महोदय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित समस्त अतिथिगण एवं अधिकारी/कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी गईं। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, सहायक पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक दावाच्या, प्रशिक्षु आई0पी0एस0 श्री प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक एवं विभिन्न थानों से आये हुए प्र0नि0/थानाध्यक्ष व अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**